भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1709
उत्तर देने की तारीख: 02.03.2020

चित्रदुर्ग में केन्द्रीय विद्यालय

†1709. श्री ए. नारायण स्वामीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार चित्रदुर्ग जिले में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या कर्नाटक सरकार की ओर से चित्रदुर्ग जिले में केन्द्रीय विद्यालय हेतु भूमि आवंटन संबंधी कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग) केन्द्रीय विद्यालय (केवि) मुख्य रूप से रक्षा कर्मियों सहित स्थानांतरणीय केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा का समान कार्यक्रम प्रदान कर उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है, यदि वह मंत्रालय अथवा भारत सरकार के विभागों/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित हो, जिसमें नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता के साथ-साथ सरकार का आवश्यक अनुमोदन उपलब्ध हो। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती पद्धति" के तहत अन्य प्रस्तावों के साथ प्रतिस्पर्धा भी करनी होती है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में नया केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए कर्नाटक राज्य सरकार से निर्धारित प्रोफार्मा में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****